# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र
## (सत्र: 2026–27)

**कक्षा: III** **विषय: हिंदी**

**समय: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 50 अंक**

**सामान्य निर्देश :**

**1.**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2.प्रश्न-पत्र को चार भागों में बाँटा गया है—

भाग क (पठन) – 10 अंक
भाग ख (लेखन) – 10 अंक
भाग ग (व्याकरण) – 10 अंक
भाग घ (पाठ्यपुस्तक) – 20 अंक

3.प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

### भाग क (पठन)

1. **नीचे दी गई कहानी को पढ़िए -** **(5x1=5)**

एक लोमड़ी बहुत भूखी थी। उसे अंगूर की एक बेल दिखी। उसने बेल से लटके अंगूर के गुच्छे तक पहुँचने की कोशिश की। वह बार-बार कूदती रही, लेकिन अंगूर के गुच्छे तक नहीं पहुंच सकी। निराश होकर, उसने अंत में हार मान ली और यह कहते हुए चली गई, "मुझे ये अंगूर नहीं चाहिए ये तो बहुत खट्टे हैं।"

**इन प्रश्नों के सही उत्तर पर गोला लगाइए –**

(i) लोमड़ी ने क्या देखा?

a. आम का पेड़
b. मिर्च का पौधा
c. अंगूर की बेल
d. गुलाब की झाड़ी

(ii) लोमड़ी ने अंगूरों तक पहुँचने के लिए क्या किया?

a. वह बैठ गई
b. वह सो गई
c. वह कूदती रही
d. वह रोने लगी

| | | |
|---|---|---|
| | (iii) लोमड़ी अंगूर के गुच्छे तक पहुँचने की कोशिश क्यों कर रही थी?<br>a. उसे अंगूर पसंद थे<br>b. उसे भूख लगी थी<br>c. घर ले जाना था<br>d. उनसे खेलना था<br><br>(iv) अंगूर न मिलने पर लोमड़ी ने क्या कहा?<br>a. उसने कहा कि अंगूर बहुत मीठे हैं।<br>b. उसने कहा कि अंगूर बहुत खट्टे हैं।<br>c. उसने कहा कि अंगूर बहुत बड़े हैं।<br>d. उसने कहा कि अंगूर बहुत छोटे हैं।<br><br>(v) इनमें से खट्टा शब्द का उल्टे अर्थ का शब्द कौन सा है?<br>a. मीठा<br>b. बहुत<br>c. निराश<br>d. गुच्छा | |
| 2. | कविता चींटी की इन पंक्तियों को पढ़िए।<br><br>हर पल चलती जाती चींटी,<br>श्रम का राग सुनाती चींटी।<br>कड़ी धूप हो या हो वर्षा,<br>दाना चुनकर लाती चींटी।<br>सचमुच कैसी कलाकार है,<br>घर को खूब सजाती चींटी।<br><br>**अब इन प्रश्नों के सही उत्तर पर गोला लगाइए –**<br><br>(i) कविता में किसकी बात हो रही है?<br>a. मधुमक्खी<br>b. चींटी<br>c. तितली<br>d. चिड़िया | **(5x1=5)** |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) चींटी हर पल क्या करती रहती है?<br>a. गाती रहती है<br>b. सोती रहती है<br>c. चलती रहती है<br>d. खेलती रहती है<br><br>(iii) चींटी अपने घर को क्या करती है?<br>a. तोड़ देती है<br>b. छोड़ देती है<br>c. खूब सजाती है<br>d. भूल जाती है<br><br>(iv) धूप तेज हो या बारिश हो, चींटी क्या करती है?<br>a. घर में छिप जाती है<br>b. काम रोक देती है<br>c. दाना चुनकर लाती है<br>d. सो जाती है<br><br>(v) कविता में चींटी को किसका प्रतीक बताया गया है?<br>a. आलस का<br>b. मेहनत का<br>c. डर का<br>d. गुस्से का | |
| | **भाग ख: लेखन** | |
| 3. | एक दिन आपको पार्क में बया चिड़िया मिली। आप उससे क्या बातचीत करेंगे। कुछ वाक्य लिखकर बताइए।<br>आप: नमस्ते बया, आप कैसी हो?<br>बया चिड़िया: ____________________________________________<br>आप: तुम यह तिनके क्यों लाई हो?<br>बया चिड़िया: मैं ______________________________। मैं अपना घोंसला कहाँ बनाऊँ ? | **(5x1=5)** |

| | | |
|---|---|---|
| | आप: ______________________________ | |
| | बया चिड़िया: ______________________________ | |
| | आप: ______________________________ | |
| | **अथवा** | |
| | आपके चाचाजी ने आप के लिए मीठे-मीठे आम भेजे हैं। पत्र लिखकर चाचाजी को आम के लिए धन्यवाद कहिए—<br>आदरणीय चाचाजी,<br>सादर प्रणाम<br>हम सभी यहाँ कुशल मंगल से हैं। आशा है ______________________<br>______________________________<br>आप ने जो मीठे-मीठे आम भेजे हैं, वे ______________________<br>______________________________<br>______________________________<br>आपकी भतीजी/आपका भतीजा<br>______________ | |
| 4. | दी गई कहानी को संकेत शब्दों की सहायता से पूरा कीजिए-<br><br>साथी बिल चीनी मेहनत पढ़ाई मम्मी<br><br>एक दिन सरल हलवा-पूरी खा रहा था । तभी थोड़ा सा हलवा ज़मीन पर गिर गया। कुछ देर बाद वहाँ एक चींटी आई और ______________________________<br>______________________________<br>______________________________<br>______________________________<br>______________________________ | **(5x1=5)** |
| | **अथवा** | |

| | | |
|---|---|---|
| | आपको जो त्योहार सबसे अधिक पसंद है, उसके बारे में कुछ वाक्य लिखकर बताइए।<br><br>त्योहार का नाम:____________________<br><br>कब मनाया जाता है:____________________<br><br>तैयारियां:____________________<br><br>कैसे मनाया जाता है:____________________<br><br>____________________<br><br>क्यों मनाया जाता है:____________________<br><br>____________________ | |
| **भाग ग: व्याकरण** | | |
| 5. | (i) इनको और क्या कहते हैं?<br>तरु - __________<br>(ii) तुकान्त शब्द लिखिए –<br>गाना - __________<br>(iii) जैसे दो पैर वाले जानवरों को द्विपाद कहते है वैसे ही –<br>चतुष्पाद - ____________________<br>(iv) नीचे दिए शब्द को उलटकर नया शब्द बनाइए-<br>बाद- __________<br>(v) विशेषता बताने वाला शब्द लिखिए-<br>__________ शरबत | **(5x1=5)** |
| 6. | (i) विपरीत अर्थ वाला शब्द ढूंढकर लिखिए-<br>पास गर्म नीची हँसना<br>ऊँची - ____________________<br>(ii) काम वाले शब्द पर गोला लगाइए-<br>**दीपक खाना खा रहा है।** | **(5x1=5)** |

| | | |
|---|---|---|
| | (iii) नाम वाले शब्द पर गोला लगाइए-<br><br>**वीणा सुबह जल्दी उठती है।**<br><br>(iv) शब्द लड़ी को पूरा कीजिए-<br><br>पानी \| नील \| लड़की \| ___________<br><br>(v) रिक्त स्थान भरिए -<br>चित्र में एक मछली लाल रंग की है, बाकी ______________ काले रंग की हैं। | |
| | भाग घ: पाठ्य पुस्तक | |
| 7. | निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए-<br><br>(i) सही वाक्य के सामने (✓) और गलत वाक्य के सामने (×) का चिन्ह लगाइए-<br>a. गाय, भैंस, बकरी आदि के चार पैर होते है। ( )<br>b. सभी जीवों के केवल दो ही पैर होते है। ( )<br><br>(ii) सौरभ ने पौधा सबसे पहले किसे दिखाया?<br>_______________________________________<br><br>(iii) सारी रात यमुना के पानी में खड़े रहने पर अकबर ने क्या इनाम देने को कहा था?<br>_______________________________________<br><br>(iv) पाठ 'मित्र को पत्र' में रूपम के नानी का घर कौन से शहर में था?<br>_______________________________________<br><br>(v) मगरमच्छ ने कछुए की सहायता से किसे खाने की योजना बनाई?<br>_______________________________________ | **(5x2=10)** |
| 8. | फूलदेई त्योहार पर बच्चे क्या-क्या करते हैं?<br>_______________________________________<br>_______________________________________<br>_______________________________________<br><br>**अथवा** | **3** |

| | | |
|---|---|---|
| | फूलदेई त्योहार पर बच्चों को मिले चावल और गुड़ से खाने की कौन-कौन सी चीज़े बनाई जाती है?<br>__________________________________________________<br>__________________________________________________<br>__________________________________________________ | |
| 9. | बताइए कि दिया गया वाक्य किसने कहा और कब कहा-<br>"हुजूर अगर वह व्यक्ति राजमहल के दीपक की गर्मी के सहारे सारी रात ठंडे पानी में खड़ा रह सकता है तो इस आग से मेरी खिचड़ी क्यों नहीं पक सकती?"<br>किसने कहा - ____________________<br>कब कहा- __________________________________________________<br>__________________________________________________ | **3** |
| 10. | दी गई कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए-<br>सूरज की किरणों से सीखो, ______________________________________<br>लता और पेड़ों से सीखो, ______________________________________<br>दीपक से सीखो जितना, __________________________________<br>पृथ्वी से सीखो प्राणी की, __________________________________<br>**अथवा**<br>फूलों से नित हँसना सीखो, ________________________________________।<br>तरु की झुकी डालियों से नित, ________________________________________।<br>सीख हवा के झोंकों से लो, ________________________________________।<br>दूध तथा पानी से सीखो, ____________________________________________।<br> | **4** |